आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 14.08.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम 7 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
- स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश के सात पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सराहनीय सेवा के लिए पदक से सम्मानित किए जाएंगे।
- राज्य को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली से जोड़ने की दिशा में उच्च शिक्षा विभाग, ब्रिटिश उच्चायोग व इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी जिलों के लिए स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राष्ट्रपति संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम 7 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात 9 बजकर 30 मिनट पर इसका प्रादेशिक भाषा में प्रसारण करेंगे। दूरदर्शन के सभी चैनल इसे हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी में प्रसारित करेंगे। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के तुरंत बाद प्रादेशिक भाषा में इसका प्रसारण किया जाएगा।

सराहनीय सेवा सम्मान

स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश के सात पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सराहनीय सेवा के लिए पदक से सम्मानित किए जाएंगे। इन पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू सम्मान से अलंकृत करेंगी। इनमें दो महिला पुलिस अधिकारी शामिल हैं, जो नारी सशक्तिकरण की झलक पेश करेंगी। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित होने वाले अग्निशमन एवं आपात सेवा की पुलिस महानिरीक्षक नीरू गर्ग, जी.आर.पी. की अपर पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल, पुलिस दूरसंचार मुख्यालय के पुलिस उप महानिरीक्षक जगत राम, पुलिस मुख्यालय के अपर उप निरीक्षक ऋषि बल्लभ कोठियाल, एसडीआरएफ के दलनायक हरक सिंह, देहरादून के लीडिंग फायरमैन दिगम्बर प्रसाद और देहरादून के लीडिंग फायरमैन प्रथोबन सिंह नेगी को शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल संदेश

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देश और प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के ज्ञात व अज्ञात गौरव सेनानियों को याद करते हुए कहा कि देश की आजादी के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे अतीत के गौरव की अनुभूति कराने के साथ ही अपने इतिहास से पुनः जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे वर्तमान का आकलन करने और सुगम भविष्य की राह बनाने के बारे में चिंतन करने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का नया भारत, संभावनाओं और सामर्थ्य से भरा है, जो सतत विकास के पथ पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि वे देश व प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें, यही प्रयास आजादी के महानायकों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

स्वतंत्रता दिवस सुरक्षा

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनज़र राजधानी देहरादून सहित प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से राज्य से लगी सीमाओं के साथ ही सभी जिलों में वाहनों की चेकिंग कर संदिग्धों पर नज़र रखी जा रही है। खासतौर पर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा बस अड्डों, हवाई अड्डों, होटलों, धर्मशालाओं, भीड–भाड़ वाले स्थानों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की सतर्कता से निगरानी की जा रही है। उधर, पिथौरागढ़ जिले में नेपाल से लगे सीमावर्ती इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिले के प्रमुख स्थानों, संवेदनशील क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस कड़ी निगरानी रख रही है। खासकर बस अड्डे और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। इस दौरान हर संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

भारत निर्वाचन आयोग

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावली का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। 24 दिसंबर तक दावों और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा और 6 जनवरी, 2025 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने बताया कि आगामी 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक बीएलओ के माध्यम से घर–घर जाकर सत्यापन का कार्य, मतदाता सूची–ईपीआईसी में विसंगतियों को दूर करना, मतदेय स्थलों और अनुभागों का पुनःनिर्धारण का काम किया जाएगा। 29 अक्टूबर को एकीकृत निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद 28 नवंबर तक दावें–आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी।

उच्च शिक्षा एमओयू 1

प्रदेश में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उच्च शिक्षा विभाग, ब्रिटिश उच्चायोग व इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह राज्य को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए निरंतर नई योजनाओं का संचालन कर रही है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य के विश्वविद्यालयों को टॉप रैंकिंग में लाने के लिए काम कर रही है। गौरतलब है कि चिवनिंग उत्तराखण्ड छात्रवृत्ति का उद्देश्य प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्र के गरीब मेधावी छात्रों को, खासतौर पर छात्राओं को वैश्विक अवसर प्रदान करते हुए उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। उच्च शिक्षा विभाग के तहत प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालय और शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत व चिवनिंग छात्रवृत्ति के लिए अर्हता धारित करने वाले पांच छात्रों को हर साल स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययन के लिए ब्रिटेन के किसी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में भेजा जाएगा। इससे उत्तराखण्ड के दूरस्थ क्षेत्रों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को न सिर्फ वैश्विक मापदण्डों के अनुसार कार्य करने का अनुभव होगा, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता का भी विकास होगा। इस छात्रवृत्ति के तहत चयनित छात्रों को ब्रिटेन में एक वर्ष के अध्ययन के बाद अपने राज्य के विकास के लिए कार्य करना अनिवार्य होगा।

उच्च शिक्षा एमओयू 2

इस प्रस्तावित सहयोग और समझौते के तहत इसका बराबर खर्च चिवनिंग और राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाएगा। वहीं, स्प्रिंगबोर्ड इंफोसिस अपने वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर सी.एस.आर. के तहत शिक्षकों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी आधारित निःशुल्क प्रशिक्षण मॉड्यूल और छात्रों के लिए निःशुल्क पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा। पाठ्यक्रमों का चयन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ऐक्षिक पाठ्यक्रम के रूप में भी किया जाएगा। इसका प्रयोग कर शिक्षक अपने संस्थान के छात्रों के लिए माइक्रोसाइट्स बना सकते हैं और विशेष रूप से चयनित सामग्री प्रदान कर सकते हैं। इसके जरिए छात्रों के लिए नवीनतम उभरती हुई प्रौद्योगिकी के पाठ्यक्रम सुलभ होंगे, जिनकी निगरानी और छात्र प्रगति को डैशबोर्ड के माध्यम से देखा जा सकता है।

स्वच्छता अभियान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जनभागीदारी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री आज देहरादून में विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत 'स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पूरी क्षमता से स्वच्छता मिशन के लिए काम करना चाहिए। बरसात के मौसम में स्वच्छता की जरूरत पर जोर देते हुए श्री धामी ने कहा कि मानसून के दौरान सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए स्वच्छता प्रहरियों का काम और अधिक बढ़ जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए तकनीक का प्रयोग भी किया जा रहा है और जल्द ही घर–घर कूड़ा उठाने वाले वाहनों की क्यूआर कोड से निगरानी की जाएगी।

श्री धामी ने इस दौरान उपस्थित लोगों से प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वन भी किया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल स्कूली छात्रों से अपने घरों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने के लिए संकल्प लेने की अपील की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंचायती राज विभाग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के लिए स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पंचायत पुनर्गठन

रुद्रप्रयाग जिले की ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन संबंधी प्रस्तावों पर विकासखंडवार अनंतिम सूची प्रकाशित कर दी गई है। ग्राम पंचायत के पुनर्गठन से संबंधित किसी भी आपत्ति को 16 अगस्त को खंड विकास अधिकारी कार्यालय सहित जिला पंचायतराज अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी या जिलाधिकारी कार्यालय में लिखित रूप में दर्ज किया जा सकता है। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में गठित समिति अलग–अलग तिथियों में विकासखंडवार प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई करेगी। जिलाधिकारी ने आपत्तियों की सुनवाई के अवसर पर संबंधित व्यक्तियों से अपना पक्ष रखने के लिए स्वयं उपस्थित होने को अपील की है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन प्रस्तावों का निस्तारण होने के बाद अंतिम प्रकाशन 22 अगस्त को कर दिया जाएगा।